DU MPhil PhD in Hindi

Topic:- MPHIL_HINDI_T1

**1) शोधार्थी को शोध-सीमा के अंतर्गत शोध-विषय के निर्वाचन के समय प्राथमिकता के स्तर पर क्या देखना चाहिए ?**

**[Question ID = 783]**

1. शोध-प्रविधि, आलोचना दृष्टि की अनुकूलता और अध्ययन-वृत्ति [Option ID = 3129]
2. विषयगत रुचि, भाषागत ज्ञान, अपनी शोध क्षमता और वृत्ति [Option ID = 3131]
3. विषय के विद्वानों का ज्ञान, सामग्री के स्रोत तथा श्रम-निष्ठा [Option ID = 3130]
4. शोध उपकरणों की उपलब्धता, त्याग भावना और इच्छा शक्ति [Option ID = 3132]

**Correct Answer :-**
- विषयगत रुचि, भाषागत ज्ञान, अपनी शोध क्षमता और वृत्ति [Option ID = 3131]

**2) डॉ. सावित्री सिन्हा और डॉ. विजयेंद्र स्नातक द्वारा संपादित पुस्तक का नाम क्या है ?**

**[Question ID = 770]**

1. हिंदी अनुसंधान के आयाम [Option ID = 3077]
2. साहित्यिक अनुसंधान [Option ID = 3080]
3. अनुसंधान की प्रक्रिया [Option ID = 3078]
4. शोध प्रविधि [Option ID = 3079]

**Correct Answer :-**
- अनुसंधान की प्रक्रिया [Option ID = 3078]

**3) यदि 'अनुसंधित्सु' ज्ञान-विस्तार करता है तो आलोचक क्या करता है ?**

**[Question ID = 789]**

1. रचना और रचनाकार के दोष उजागर करता है। [Option ID = 3156]
2. रचना की स्वानुभूत सौंदर्यानुभूति से तादात्म्य करता है। [Option ID = 3155]
3. नए-नए तथ्यों और सत्य को खोज निकालता है। [Option ID = 3154]
4. लेखक के सामर्थ्य की परख करता है। [Option ID = 3153]

**Correct Answer :-**
- रचना की स्वानुभूत सौंदर्यानुभूति से तादात्म्य करता है। [Option ID = 3155]

**4) शोध का वास्तविक अधिकारी कौन नहीं हो सकता है -- [Question ID = 778]**

1. पूर्व उपलब्ध निष्कर्षों को स्वीकारते हुए उसमें नए अर्थ जोड़ने वाला [Option ID = 3112]
2. पूर्ववर्ती विचारकों के विचारों की चर्वणा करने वाला [Option ID = 3109]
3. नए अर्थों और तथ्यों को खोजने हेतु साधनारत् रहने वाला [Option ID = 3111]
4. ज्ञानार्जन को समर्पित रहने वाला [Option ID = 3110]

**Correct Answer :-**
- पूर्ववर्ती विचारकों के विचारों की चर्वणा करने वाला [Option ID = 3109]

**5) साहित्य और विज्ञान के मध्यवर्ती शोध-विषयों में सर्वाधिक महत्त्व किसका होता है ?**

**[Question ID = 786]**

1. इतिहास और संस्कृति का [Option ID = 3143]
2. व्याख्या और आख्यान का [Option ID = 3142]
3. भाव और कल्पना का [Option ID = 3141]
4. तथ्य और विचार का [Option ID = 3144]

**Correct Answer :-**
- तथ्य और विचार का [Option ID = 3144]

**6) किसी शोधार्थी के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण गुणों में क्या शामिल नहीं है ?**

**[Question ID = 779]**

1. जिज्ञासा, परिश्रम और लगनशीलता [Option ID = 3116]
2. उत्साह, निर्णय लेने की क्षमता, अधीरता [Option ID = 3114]
3. धैर्य, संतोष और काल्पनिकता [Option ID = 3115]
4. भाषा दक्षता, संग्रह-वृत्ति, अध्ययनशीलता [Option ID = 3113]

**Correct Answer :-**
- धैर्य, संतोष और काल्पनिकता [Option ID = 3115]

**7) किसी भी श्रेष्ठ अनुसंधानकर्त्ता की कल्पना मूलतः किस गुण के बिना नहीं की जा सकती ?**

**[Question ID = 776]**

1. आलोचनात्मक प्रतिभा के बिना [Option ID = 3104]
2. मौलिक कल्पना-दृष्टि के बिना [Option ID = 3101]
3. प्रौढ़ पाठकीय वृत्ति के बिना [Option ID = 3102]
4. भाषा पर प्रामाणिक अधिकार के बिना [Option ID = 3103]

**Correct Answer :-**
- आलोचनात्मक प्रतिभा के बिना [Option ID = 3104]

**8) अलोचना, अनुसंधान का रूप तब धारण कर लेती है, जब उसमें --**

**[Question ID = 784]**

1. प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज की लालसा होती है। [Option ID = 3134]
2. पाठ निर्णय और निर्धारण की सूझ-बूझ होती है। [Option ID = 3136]
3. नवीन ज्ञान, मौलिक सामग्री और नई दिशाओं की खोज-वृत्ति होती है। [Option ID = 3135]
4. सामग्री के निरीक्षण-सर्वेक्षण की वृत्ति होती है। [Option ID = 3133]

**Correct Answer :-**
- नवीन ज्ञान, मौलिक सामग्री और नई दिशाओं की खोज-वृत्ति होती है। [Option ID = 3135]

**9) शोध-सामग्री की सुलभता और उपयोगिता शोधार्थी को कब सुनिश्चित करनी होती है --**

**[Question ID = 768]**

1. विषय निर्वाचन के समय [Option ID = 3069]
2. विषय विवेचन के समय [Option ID = 3070]
3. विषय वर्गीकरण के समय [Option ID = 3071]
4. रूपरेखा एवं प्रस्तावना निर्माण के समय [Option ID = 3072]

**Correct Answer :-**
- विषय निर्वाचन के समय [Option ID = 3069]

**10) जिस शोध पद्धति से भाषा-व्यवहार विषयक लक्षणों की खोज की जाती है, उसे क्या कहते हें ?**

**[Question ID = 782]**

1. शैली वैज्ञानिक शोध पद्धति [Option ID = 3128]
2. समाज मनोवैज्ञानिक शोध पद्धति [Option ID = 3125]
3. मनोवैज्ञानिक शोध पद्धति [Option ID = 3127]
4. भाषा वैज्ञानिक शोध पद्धति [Option ID = 3126]

**Correct Answer :-**

- भाषा वैज्ञानिक शोध पद्धति [Option ID = 3126]

11) विषय-निर्वाचन के समय किस बात से बचना चाहिए ?

**[Question ID = 775]**

1. शोध-संकल्प सुदृढ़ होना चाहिए,भले ही संबद्ध सामग्री उपलब्ध न हो। [Option ID = 3098]
2. विषय सामाजिक-सांस्कृतिक उपयोग का हो। [Option ID = 3097]
3. विषय के नए तथ्यों को खोजने, व्याख्यायित करने की संभावना होनी चाहिए। [Option ID = 3099]
4. विषय औचित्यपूर्ण, मौलिक एवं प्रासंगिक होना चाहिए| [Option ID = 3100]

**Correct Answer :-**
- शोध-संकल्प सुदृढ़ होना चाहिए,भले ही संबद्ध सामग्री उपलब्ध न हो। [Option ID = 3098]

12) अनुसंधित्सु का मूल धर्म एवं गुण है --

**[Question ID = 777]**

1. नई मौलिक व्याख्या के प्रयासों से पूर्व धारणा को बदलना [Option ID = 3108]
2. पूर्व स्थापित निष्कर्षों को बदलना [Option ID = 3107]
3. शोध विषय तथा संबद्ध सामग्री का गहन-गंभीर अध्ययन करना [Option ID = 3106]
4. अज्ञात की खोज करना [Option ID = 3105]

**Correct Answer :-**
- शोध विषय तथा संबद्ध सामग्री का गहन-गंभीर अध्ययन करना [Option ID = 3106]

13) अनुसंधान की दृष्टि से क्या तर्कसंगत नहीं है ?

**[Question ID = 773]**

1. शोध-प्रबंध के सभी पाद-टिप्पण प्रबंध पूरा करने पर लिखने चाहिए [Option ID = 3091]
2. संगत सामग्री का संकलन पहले करना चाहिए [Option ID = 3090]
3. विषय का वर्गीकरण वैज्ञानिक पद्धति से करना चाहिए [Option ID = 3092]
4. शोध प्रबंध की स्पष्ट रूपरेखा होनी चाहिए [Option ID = 3089]

**Correct Answer :-**
- शोध-प्रबंध के सभी पाद-टिप्पण प्रबंध पूरा करने पर लिखने चाहिए [Option ID = 3091]

14) अनुसंधान-प्रविधि एवं प्रक्रिया के अनुसार क्या अनुपयुक्त है ?

**[Question ID = 788]**

1. शोध-पद्धति स्पष्ट और सुनिश्चित होनी चाहिए। [Option ID = 3151]
2. शोध-यात्रा के दौरान पाद-टिप्पण-विविधता एक रूप होना चाहिए। [Option ID = 3149]
3. शोध क्रमबद्ध, व्यवस्थित और सुनियोजित प्रविधि से की जानी चाहिए। [Option ID = 3152]
4. शोध विवेचन के कथन की पुनरुक्ति अवश्य होनी चाहिए। [Option ID = 3150]

**Correct Answer :-**
- शोध विवेचन के कथन की पुनरुक्ति अवश्य होनी चाहिए। [Option ID = 3150]

15) शोध नियमों की दृष्टि से कौन-सा कथन गलत है --

**[Question ID = 765]**

1. शोधार्थी के पास निर्णय क्षमता होनी चाहिए। [Option ID = 3057]
2. शोध, नवीन तथ्यों की खोज ही होती है। [Option ID = 3060]
3. शोध, आलोचना और समीक्षा का ही एक रूप है। [Option ID = 3059]
4. शोध में तथ्यों की व्याख्या नई दृष्टि से होनी चाहिए। [Option ID = 3058]

**Correct Answer :-**
- शोध, आलोचना और समीक्षा का ही एक रूप है। [Option ID = 3059]

**16) शोध के स्वरूप को निर्मित करने वाले तत्वों में, कौन-सा तत्व शामिल नहीं है --**

**[Question ID = 767]**

1. व्यक्तिनिष्ठता [Option ID = 3068]
2. तथ्यान्वेषण [Option ID = 3067]
3. शोध- दृष्टि [Option ID = 3066]
4. शोध- प्रविधि [Option ID = 3065]

**Correct Answer :-**

- व्यक्तिनिष्ठता [Option ID = 3068]

**17) शोध प्रस्तावना, विषय का वर्गीकरण, संदर्भ ग्रंथ सूची तथा पाद-टिप्पण आदि की विधिवत् व्यवस्था अनुसंधान की किस प्रविधि और प्रक्रिया में आते हैं ?**

**[Question ID = 780]**

1. वैज्ञानिक प्रविधि और प्रक्रिया में [Option ID = 3117]
2. आलोचनात्मक प्रविधि और प्रक्रिया में [Option ID = 3118]
3. तुलनात्मक प्रविधि और प्रक्रिया में [Option ID = 3119]
4. भाषा वैज्ञानिक प्रविधि और प्रक्रिया में [Option ID = 3120]

**Correct Answer :-**

- वैज्ञानिक प्रविधि और प्रक्रिया में [Option ID = 3117]

**18) शोध के अंतर्गत उपयोग में लाई गई रचना की टीकाएँ, आलोचनाएँ किस प्रकार की सामग्री के अंतर्गत देखी जाती हैं ?**

**[Question ID = 787]**

1. आधारभूत पाठ [Option ID = 3148]
2. शोधित पाठ [Option ID = 3145]
3. आदर्श पाठ [Option ID = 3147]
4. सहायक पाठ [Option ID = 3146]

**Correct Answer :-**

- सहायक पाठ [Option ID = 3146]

**19) 'पाठानुसंधान' का मुख्य उद्देश्य क्या होता है --**

**[Question ID = 769]**

1. पांडुलिपि का प्रामाणिक पाठ निर्धारण [Option ID = 3074]
2. विलुप्त पाठ की खोज करना [Option ID = 3073]
3. अप्राप्य पाठ तक पहुँचने का प्रयत्न करना [Option ID = 3075]
4. भाषा और वर्तनी की दृष्टि से पाठ का शुद्धिकरण [Option ID = 3076]

**Correct Answer :-**

- पांडुलिपि का प्रामाणिक पाठ निर्धारण [Option ID = 3074]

**20) "जो खोजा जा चुका है, उसे फिर से खोजना" के लिए उपयुक्त शब्द कौन-सा है ?**

**[Question ID = 771]**

1. शोध [Option ID = 3081]
2. अन्वेषण [Option ID = 3084]
3. खोज [Option ID = 3083]
4. अनुसंधान [Option ID = 3082]

**Correct Answer :-**

- अनुसंधान [Option ID = 3082]

**21) "काव्यानुसंधान को काव्य सत्य की शोध" किस विद्वान आलोचक ने घोषित किया ?**

**[Question ID = 781]**

1. डॉ. भगीरथ मिश्र [Option ID = 3123]
2. डॉ. नगेंद्र [Option ID = 3124]
3. डॉ. विजयपाल सिंह [Option ID = 3121]
4. डॉ. माताप्रसाद गुप्त [Option ID = 3122]

**Correct Answer :-**
- डॉ. नगेंद्र [Option ID = 3124]

---

**22) "शोध में तथ्यों का विश्लेषण-विवेचन ही तत्वान्वेषण में परिणत हो जाता है।" -- यह कथन किस विद्वान का है --**

**[Question ID = 766]**

1. डॉ. नगेंद्र [Option ID = 3064]
2. डॉ. विजयेंद्र स्नातक [Option ID = 3063]
3. उदयभानु सिंह [Option ID = 3061]
4. सावित्री सिन्हा [Option ID = 3062]

**Correct Answer :-**
- डॉ. नगेंद्र [Option ID = 3064]

---

**23) "हिंदी-सतसइयों के मूल स्रोत संस्कृत में हैं" -- इस निष्कर्ष को किस प्रकार की शोध-पद्धति से प्राप्त किया जाता है --**

**[Question ID = 772]**

1. सांस्कृतिक शोध-पद्धति से [Option ID = 3086]
2. ऐतिहासिक शोध-पद्धति से [Option ID = 3087]
3. तुलनात्मक शोध-पद्धति से [Option ID = 3085]
4. भाषा-वैज्ञानिक शोध-पद्धति से [Option ID = 3088]

**Correct Answer :-**
- ऐतिहासिक शोध-पद्धति से [Option ID = 3087]

---

**24) 'अनुसंधान' शब्द की व्युत्पत्तिमूलक व्याख्या क्या है ?**

**[Question ID = 785]**

1. रचना या विषय की समालोचनात्मक व्याख्या करना [Option ID = 3138]
2. नितांत नवीन तथ्यों की खोज करना [Option ID = 3140]
3. सर्वेक्षण और कल्पना से नए निष्कर्ष निकालना [Option ID = 3139]
4. जो खोजा जा चुका है, उसे फिर से खोजना [Option ID = 3137]

**Correct Answer :-**
- जो खोजा जा चुका है, उसे फिर से खोजना [Option ID = 3137]

---

**25) भाषा-वैज्ञानिक शोध मे क्या समाहित नहीं होता ?**

**[Question ID = 774]**

1. ध्वनि वैज्ञानिक शोध [Option ID = 3096]
2. शब्द वैज्ञानिक शोध [Option ID = 3094]
3. परपंरावादी शोध [Option ID = 3093]
4. वाक्य वैज्ञानिक शोध [Option ID = 3095]

**Correct Answer :-**
- परपंरावादी शोध [Option ID = 3093]

---

**1) हिंदी में 'शिकार-साहित्य' के प्रमुख रचनाकार कौन माने जाते हैं ?**

**[Question ID = 802]**

1. रांगेय राघव [Option ID = 3207]
2. शिवदान सिंह चौहान [Option ID = 3208]
3. वृंदावन लाल वर्मा [Option ID = 3205]
4. श्रीराम शर्मा [Option ID = 3206]

**Correct Answer :-**

- श्रीराम शर्मा [Option ID = 3206]

**2) रीतिकालीन कवि भूषण विरचित रचना नहीं है --**

**[Question ID = 793]**

1. शिवा बावनी [Option ID = 3172]
2. शिवराज भूषण [Option ID = 3170]
3. भाषा- भूषण [Option ID = 3171]
4. छत्रसाल दशक [Option ID = 3169]

**Correct Answer :-**

- भाषा- भूषण [Option ID = 3171]

**3) एक उपमेय के लिए अनेक उपमान किस अलंकार में प्रयुक्त किए जाते हैं ?**

**[Question ID = 806]**

1. मालोपमा [Option ID = 3223]
2. उपमा [Option ID = 3224]
3. पूर्णोपमा [Option ID = 3222]
4. लुप्तोपमा [Option ID = 3221]

**Correct Answer :-**

- मालोपमा [Option ID = 3223]

**4) नाटक में भूत या भविष्य काल की घटनाओं की सूचना देने वाले को क्या कहा जाता है ?**

**[Question ID = 800]**

1. विदूषक [Option ID = 3197]
2. सूत्रधार [Option ID = 3198]
3. विषकम्भक [Option ID = 3200]
4. उद्घोषक [Option ID = 3199]

**Correct Answer :-**

- विषकम्भक [Option ID = 3200]

**5) संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल कितनी भाषाओं को शामिल किया गया है ?**

**[Question ID = 798]**

1. 22 [Option ID = 3191]
2. 21 [Option ID = 3190]
3. 18 [Option ID = 3189]
4. 24 [Option ID = 3192]

**Correct Answer :-**

- 22 [Option ID = 3191]

**6) पूर्वी हिंदी की मुख्य बोलियाँ हैं --**

**[Question ID = 794]**

1. भोजपुरी, मगही, मैथिली [Option ID = 3173]
2. ब्रजभाषा, बुंदेली, कौरवी [Option ID = 3176]
3. अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी [Option ID = 3174]
4. कुमाऊँनी, खड़ीबोली, बांगरू [Option ID = 3175]

**Correct Answer :-**

- अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी [Option ID = 3174]

**7) सूफ़ी प्रेमाख्यानक काव्य परंपरा का प्रथम काव्य ग्रंथ किसे माना जाता है ?**

**[Question ID = 809]**

1. अनुराग बाँसुरी [Option ID = 3236]
2. चंदायन [Option ID = 3234]
3. मृगावती [Option ID = 3233]
4. पद्मावत [Option ID = 3235]

**Correct Answer :-**

- चंदायन [Option ID = 3234]

**8) वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान।**
**उमड़ कर आँखों से चुपचाप, बही होगी कविता अंजान।। - किस कवि की काव्य-पंक्तियाँ हैं ?**

**[Question ID = 799]**

1. रामनरेश त्रिपाठी [Option ID = 3195]
2. रामधारी सिंह 'दिनकर' [Option ID = 3194]
3. सुमित्रानंदन पंत [Option ID = 3196]
4. मैथिलीशरण गुप्त [Option ID = 3193]

**Correct Answer :-**

- सुमित्रानंदन पंत [Option ID = 3196]

**9) 'नई कविता' पत्रिका के संस्थापक-संपादक का नाम है --**

**[Question ID = 814]**

1. जगदीश गुप्त [Option ID = 3253]
2. श्रीकांत वर्मा [Option ID = 3255]
3. धर्मवीर भारती [Option ID = 3254]
4. कुँवर नारायण [Option ID = 3256]

**Correct Answer :-**

- जगदीश गुप्त [Option ID = 3253]

**10) 'रूप तरंग' किस कवि की काव्य रचना है ?**

**[Question ID = 812]**

1. डॉ. रामकुमार वर्मा [Option ID = 3245]
2. रामविलास शर्मा [Option ID = 3247]
3. अज्ञेय [Option ID = 3248]
4. सुमित्रानंदन पंत [Option ID = 3246]

**Correct Answer :-**

- रामविलास शर्मा [Option ID = 3247]

**11) 'भक्तिकाल' को बौद्ध धर्म की देन किस इतिहासकार ने कहा था ?**

**[Question ID = 808]**

1. हजारी प्रसाद द्विवेदी [Option ID = 3229]
2. धीरेंद्र वर्मा [Option ID = 3231]
3. जॉर्ज ग्रियर्सन [Option ID = 3230]
4. आचार्य रामचंद्र शुक्ल [Option ID = 3232]

**Correct Answer :-**

- हजारी प्रसाद द्विवेदी [Option ID = 3229]

---

**12) 'ठेठ हिंदी का ठाठ' पुस्तक के लेखक हैं --**

**[Question ID = 792]**

1. बाबू श्यामसुंदर दास [Option ID = 3167]
2. महावीर प्रसाद द्विवेदी [Option ID = 3166]
3. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' [Option ID = 3165]
4. अयोध्या सिंह उपाध्याय [Option ID = 3168]

**Correct Answer :-**

- अयोध्या सिंह उपाध्याय [Option ID = 3168]

---

**13) "तुलसी गंग दुवौ भए, सुकविन के सरदार।**
**इनके काव्यन में मिली भाषा विविध प्रकार।।" -- किस कवि का कथन है ?**

**[Question ID = 803]**

1. भिखारीदास [Option ID = 3211]
2. नंददास [Option ID = 3209]
3. नाभादास [Option ID = 3210]
4. परमानंद दास [Option ID = 3212]

**Correct Answer :-**

- भिखारीदास [Option ID = 3211]

---

**14) 'जुगुप्सा' किस रस का स्थायी भाव है ?**

**[Question ID = 811]**

1. भयानक [Option ID = 3241]
2. रौद्र [Option ID = 3244]
3. वीर  [Option ID = 3242]
4. वीभत्स [Option ID = 3243]

**Correct Answer :-**

- वीभत्स [Option ID = 3243]

---

**15) 'तीसरा सप्तक' में कौन-सा हिंदी कवि शामिल नहीं है ?**

**[Question ID = 795]**

1. मुक्तिबोध [Option ID = 3178]
2. केदारनाथ सिंह [Option ID = 3180]
3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना [Option ID = 3179]
4. कुँवर नारायण [Option ID = 3177]

**Correct Answer :-**

- मुक्तिबोध [Option ID = 3178]

---

**16) 'मुक्त करो नारी को मानव, चिर बंदिनी नारी को' - ये किसकी पंक्तियाँ हैं ?**

**[Question ID = 796]**

1. हरिवंशराय बच्चन [Option ID = 3184]
2. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' [Option ID = 3183]
3. महादेवी वर्मा [Option ID = 3182]
4. सुमित्रानंदन पंत [Option ID = 3181]

**Correct Answer :-**

- सुमित्रानंदन पंत [Option ID = 3181]

---

**17) 'बुनी हुई रस्सी' किस कवि का काव्य-संग्रह है ?**

**[Question ID = 804]**

1. नागार्जुन [Option ID = 3215]
2. हरिवंशराय बच्चन [Option ID = 3213]
3. माखनलाल चतुर्वेदी [Option ID = 3216]
4. भवानीप्रसाद मिश्र [Option ID = 3214]

**Correct Answer :-**

- भवानीप्रसाद मिश्र [Option ID = 3214]

---

**18) 'विधवा' और 'भिक्षुक' कविताएँ मूलतः निराला के किस काव्य-संग्रह में संकलित है ?**

**[Question ID = 801]**

1. गीतिका [Option ID = 3204]
2. परिमल [Option ID = 3201]
3. अनामिका [Option ID = 3202]
4. नए पत्ते [Option ID = 3203]

**Correct Answer :-**

- परिमल [Option ID = 3201]

---

**19) 'नासिकेतोपाख्यान' रचना के रचयिता का नाम है --**

**[Question ID = 815]**

1. लल्लू जी लाल [Option ID = 3257]
2. प्रतापनारायण मिश्र [Option ID = 3259]
3. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' [Option ID = 3258]
4. सदल मिश्र [Option ID = 3260]

**Correct Answer :-**

- सदल मिश्र [Option ID = 3260]

---

**20) 'राहुल सांकृत्यायन' ने हिंदी साहित्य के इतिहास के प्रथम काल खंड को क्या नाम दिया था ?**

**[Question ID = 807]**

1. आदिकाल [Option ID = 3226]
2. बीज वपन काल [Option ID = 3228]
3. वीर गाथा काला [Option ID = 3225]
4. सिद्ध सामंत काल [Option ID = 3227]

**Correct Answer :-**

- सिद्ध सामंत काल [Option ID = 3227]

---

**21) 'निर्वैयक्तिकरण' सिद्धांत के प्रणेता कौन हैं ?**

**[Question ID = 797]**

1. टी.एस. इलियट [Option ID = 3187]
2. कॉलरिज [Option ID = 3185]
3. रिचर्ड्स [Option ID = 3186]
4. वर्ड्स्वर्थ [Option ID = 3188]

**Correct Answer :-**

- टी.एस. इलियट [Option ID = 3187]

**22) 'सांख्य-दर्शन' के आधार पर रस निष्पत्ति की व्याख्या किस आचार्य ने की है ?**

**[Question ID = 813]**

1. भट्ट लोल्लट [Option ID = 3252]
2. भट्टनायक [Option ID = 3250]
3. शंकुक [Option ID = 3249]
4. अभिनवगुप्त [Option ID = 3251]

**Correct Answer :-**

- भट्टनायक [Option ID = 3250]

**23) 'पृथ्वीराज रासो' में कुल कितने समय (खंड) हैं ?**

**[Question ID = 791]**

1. 39 [Option ID = 3163]
2. 69 [Option ID = 3161]
3. 71 [Option ID = 3164]
4. 59 [Option ID = 3162]

**Correct Answer :-**

- 69 [Option ID = 3161]

**24) 'लहना सिंह' को किस रचनाकार ने हिंदी साहित्य का प्रसिद्ध पात्र बना दिया ?**

**[Question ID = 805]**

1. भगवतीचरण वर्मा [Option ID = 3219]
2. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' [Option ID = 3220]
3. फणीश्वरनाथ रेणु [Option ID = 3217]
4. प्रेमचंद [Option ID = 3218]

**Correct Answer :-**

- चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' [Option ID = 3220]

**25) उच्चारण स्थल के आधार पर दंत्य व्यंजन कौन से माने जाते हैं ?**

**[Question ID = 810]**

1. क, ख, ग, घ [Option ID = 3239]
2. य, र, ल, व [Option ID = 3238]
3. त, थ, द, ध [Option ID = 3240]
4. प, फ, ब, भ [Option ID = 3237]

**Correct Answer :-**

- त, थ, द, ध [Option ID = 3240]